हरिद्वार-रुड़की के भविष्य का खाका तैयार, शहरी विकास को मिलेगी नई दिशा

राज्य ब्यूरो, जागरण, देहरादून: हरिद्वार और रुड़की को सुव्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार की अमृत 1.0 योजना के तहत प्रस्तावित हरिद्वार-रुड़की महायोजना-2041 के प्रारूप पर जनसुनवाई पूरी कर ली गई है। हरिद्वार से करीब 350 और रुड़की से लगभग 550 सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त हुईं। इन पर बिंदुवार विचार-विमर्श किया गया। आवास सचिव ने निर्देश दिए कि जनता के हर सुझाव का गंभीरता और पारदर्शिता के साथ परीक्षण किया जाए, ताकि योजना व्यावहारिक और जनहितैषी बने।

सचिवालय में आवास सचिव डा. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें हरिद्वार और रुड़की के दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए महायोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।